वर्ष 29 अंक 207
Pages 12
Bareilly, Monday, 9 April 2018
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - ₹ 3/-
Outside Bareilly City - ₹ 3/-

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 6 :MIDDLE LEFT

एसआरएमएस किंग्स और बीएल एग्रो टाइगर्स ने जीते मैच

जीत के बाद खिलाड़ियों के खिले चेहरे.

- क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारम्भ पहले दिन दो मैच हुए
- टूर्नामेंट में शहर के नामी कॉरपोरेट ले रहे भाग

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (8 April): बीएल एग्रो ने संडे को क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ परसाखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया पार्क नम्बर-1 क्रिकेट स्टेडियम में किया. टूर्नामेंट में शहर के नामी कॉरपोरेट घराने भाग ले रहे हैं. पहला मैच बीएल एग्रो टाइगर्स और लाइफ लाइन क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया, जिसमें बीएल एग्रो टाइगर्स की टीम विजयी रही. टीम के इमरान ने सर्वाधिक 49 रन बनाए. साथ ही 5 विकेट भी लिए, जिसके लिए इमरान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया. टूर्नामेंट का दूसरा मैच एसआरएमएस किंग्स और इंवर्टिस डस्ट डेविल टीम के बीच हुआ. जिसमें एसआरएमएस किंग्स टीम के गेंदबाज मनीष सिंह ने अपनी टीम के लिए 6 विकेट लेकर जीत दिलाई. मनीष को मैन ऑफ द मैच चुना गया. टूर्नामेंट के शुभारम्भ के मौके पर बीएल एग्रो के कार्यकारी निदेशक आशीष खंडेलवाल, स्वतंत्र निदेशक एएन सिंह, जीएम एचआर अजय भट्ट, चीफ मैनेजर एडमिन प्रेम बाबू शर्मा एवं मैनेजर एडमिन अजय सिंह, हुंडई के निदेशक अल्पित अग्रवाल और एसआरएमएस के आदित्य मूर्ति सहित अन्य लोग मौजूद रहे.

For more news log on to www.inextlive.com